लोक सभा अध्यक्ष ने संसद सदस्यों, राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के विधायकों, अधिकारियों और उनके परिजनों के लिए भारतीय और विदेशी भाषाओं के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया

...

भाषा लोगों और संस्कृतियों को आपस में जोड़ती है : लोक सभा अध्यक्ष

हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और बहुलता की झलक हमारी बहुरंगी भाषाओं में स्पष्ट दिखाई देती है: श्री ओम बिरला

...

अन्य देशों की भाषाएँ सीखने से लोकतान्त्रिक देशों के बीच सर्वोत्तम पद्धतियों और प्रक्रियाओं के आदान-प्रदान में मदद मिलेगी और लोकतान्त्रिक संस्थाएं सुदृढ़ होंगी : श्री बिरला

नई दिल्ली, 20 जून, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में लोक सभा सचिवालय द्वारा संसद सदस्यों, राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के विधायकों, अधिकारियों और उनके परिजनों के लिए आयोजित भारतीय और विदेशी भाषाओं के ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम का वर्चुअल रूप से शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं के साथ ही छह विदेशी भाषाओं – फ्रेंच, जर्मन, जापानी, रूसी, पुर्तगाली और स्पेनिश भाषा का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भाषा लोगों को और संस्कृतियों को आपस में जोड़ती है। श्री बिरला ने यह भी कहा कि लोकतान्त्रिक देशों को अपनी सर्वोत्तम पद्धतियों और प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करना चाहिए और अन्य लोकतान्त्रिक देशों की भाषाएँ सीखने से हमें इस कार्य में मदद मिलेगी। श्री बिरला ने यह भी कहा कि विदेशी भाषाओं के ज्ञान से देशों में आपस में घनिष्ठता बढ़ेगी और पूरी दुनिया में संसदीय लोकतान्त्रिक प्रणाली को सुदृढ़ होगी। इसके अलावा नई भाषाएँ सीखने से पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा मिलता है।

श्री बिरला ने आगे कहा कि हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और बहुलता की झलक हमारी बहुरंगी भाषाओं में स्पष्ट दिखाई देती है। पंचायत से लेकर संसद तक के सभी जन प्रतिनिधियों के क्षमता संवर्धन के महत्व पर ज़ोर देते हुए, श्री बिरला ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे अधिक से

अधिक भारतीय और विदेशी भाषाएँ सीखें। श्री बिरला ने यह भी कहा कि हमें अपनी मातृभाषा के साथ-साथ कम से कम एक और भारतीय और एक विदेशी भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

फ्रांस, जर्मनी, जापान, पुर्तगाल, रूस और स्पेन के राजदूत इस कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में वर्चुअल रूप से शामिल हुए और उन्होंने लोक सभा अध्यक्ष की इस पहल की सराहना की।